भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. +*8

सोमवार, 29 नवम्बर, 2021/8 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जैसी पहलें

+*8 **श्री मोहनभाई कुंडारिया:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्टेच्यू ऑफ यूनिटी को गुजरात सरकार की एक आदर्श पहल मानती है;

(ख) क्या सरकार का विचार अन्य राज्य सरकारों को भी इसी प्रकार की पहलें करने का निदेश देने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता के तहत ऐसी पहलों को विकसित करने हेतु राज्य-वार इसी तरह के स्थलों की पहचान करने का है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड़) : एक विवरण सभापटल पर रख दिया गया है।

****

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जैसी पहलों के संबंध में 29.11.2021 को लोकसभा के मौखिक प्रश्न सं +*8 के भाग (क) से (ङ.) के उत्तर में दिया गया विवरण

(क) जी हाँ, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देश के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल के रूप में उभरा है।

(ख) जी, नहीं। पर्यटन मंत्रालय ने इस संबंध में राज्य सरकारों को निर्देश नहीं दिए हैं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) और (ङ) देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' की अपनी चल रही योजनाओं के हिस्से के रूप में विभिन्न राज्य सरकारों/ संघ शासित प्रदेश प्रशासनों और केंद्रीय एजेंसियों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इन योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है:-

क्रम संख्य ा	योजना	राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की संख्या	कुल स्वीकृत परियोजनाएं	कुल स्वीकृत धनराशि (करोड़ रुपये में)
1.	स्वदेश दर्शन	30	76	5524.82
2.	प्रसाद	24	37	1209.80
3.	केंद्रीय एजेंसियों को सहायता	17	31	553.03

*****